# उपतहसील भवन की गुणवत्ता पर सवाल

## 93 लाख की लागत से बन रहा भवन, ग्रामीणों ने लगाए घटिया निर्माण के आरोप

फाउंडेशन में काली मिट्टी डालने का आरोप, पीआईयू एसडीओ ने भी जताई आपत्ति; ठेकेदार ने आरोपों से किया इनकार

**सुकतरा नवभारत। आदिवासी बाहुल्य विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सुकतरा में लगभग 93 लाख रुपये की लागत से बन रहे नए उप तहसील कार्यालय भवन के निर्माण कार्य पर गुणवत्ता को लेकर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि निर्माण कार्य में शुरुआत से ही लापरवाही बरती जा रही है और फाउंडेशन में मानकों के विपरीत काली मिट्टी का उपयोग किया जा रहा है।**

जानकारी के अनुसार, पुराना उप तहसील कार्यालय जर्जर हो चुका था, जिसके बाद नए भवन की स्वीकृति मिली। भूमि विवाद के चलते निर्माण कार्य कुछ समय तक रुका रहा। बाद में ग्रामीणों की सहमति से कब्रिस्तान के समीप स्थित शासकीय भूमि पर भवन निर्माण शुरू किया गया।

ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य शुरू करने से पहले न तो जनप्रतिनिधियों को सूचना दी गई और न ही मौके पर निर्माण संबंधी सूचना बोर्ड लगाया गया। शिलान्यास या भूमि पूजन से संबंधित शिलापट्ट भी अब तक नहीं लगाया गया है, जिससे परियोजना की लागत, विभाग और निर्माण अवधि जैसी जानकारी सार्वजनिक नहीं हो सकी है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि फाउंडेशन में काली मिट्टी डाली जा रही है, जिससे भवन की मजबूती पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में निर्माण कार्य कराने की मांग की है।




### मुरम की जगह डाली जा रही काली मिट्टी

इस मामले में पीडब्ल्यूडी पीआईयू के एसडीओ दीनदयाल उपाध्याय ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली है कि फाउंडेशन में कम गुणवत्ता वाली काली मिट्टी डाली गई है, जबकि वहां हार्ड मुरम और गिट्टी की चूरी का उपयोग होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी विभाग को है। वहीं, एकेएस कंस्ट्रक्शन कंपनी, सूरत के ठेकेदार सुनील गाड़िया ने सभी आरोपों से इनकार किया। उनका कहना है कि भवन निर्माण के लिए 93 लाख रुपये स्वीकृत हैं, कार्य 1 अप्रैल से शुरू हुआ है और जनवरी 2027 तक पूरा किया जाना है। उन्होंने कहा कि शिलापट्ट निर्माण कार्य पूरा होने के बाद लगाया जाएगा तथा एसडीओ द्वारा काली मिट्टी डाले जाने की बात गलत है।

## केवलारी के पास यात्री बस पलटी, 14-15 यात्री घायल



**केवलारी नवभारत।** केवलारी-मंडला मुख्य मार्ग पर आज एक सड़क हादसा हो गया, जहाँ केवलारी नगर के पास ग्राम बोथिया में एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में बस में सवार लगभग 14 से 15 यात्री घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई, जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत राहत कार्य शुरू किया और घायलों को बस से बाहर निकाला। सभी घायलों को तत्काल एम्बुलेंस और निजी वाहनों की मदद से नजदीकी सिविल अस्पताल केवलारी में भर्ती कराया गया है। अस्पताल में डॉक्टरों की टीम मुस्तैदी से सभी का उपचार कर रही है। डॉक्टरों के अनुसार, प्राथमिक इलाज के बाद अधिकांश यात्रियों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है, जबकि गंभीर रूप से घायल मरीजों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अमला भी मौके पर पहुंच गया।



# सांसद की मैहर पदयात्रा का छपारा में स्वागत

**छपारा नवभारत।** भाजपा छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहु मैहर देवी मां शारदा के दर्शन पूजन करने आस्था और श्रद्धा के पैदल यात्रा पर निकले हैं जहां मार्ग में उनकी सासंद के रूप में उनकी लोकप्रियता अपने आम जनों के बीच कार्यशैली से नगर वासियों सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं नगर साहू समाज एवं गणमान्य नागरिकों के साथ -साथ सिवनी बालाघाट सांसद श्रीमती भारती पारधी , अमरवाड़ा विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह, पूर्व केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह ने भी उनके साथ पदयात्रा में शामिल होकर साथ चले आत्मिय स्वागत किया जहां उनका नगर से लगभग तीन किलोमीटर पहले ग्राम बखारी क्षेत्र ओर से होते हुए 4 जुलाई को ग्राम गंगाढाना मार्ग से ग्राम जूनापानी स्थित हनुमान मंदिर में कुछ मिनटों के लिए रुककर पुन: यात्रा पर निकले और ग्राम छपारा खुर्द से होते हुए नगर के बैंनगंगा नदी पुल पर पहुंचे जहां उनका हल्की हल्की बारिश की बुंदों ने स्वागत किया वहीं सुबह लगभग 11:40 बजे नगर के बस स्टैंड परिसर में पहुंचने पर भव्य स्वागत पुष्प वर्षा कर किया बस स्टैंड परिसर में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती निशा सुरेश पटेल सहित अन्य महिला पार्षदों की भी उपस्थिति रही जहां बस स्टैंड परिसर स्थित महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा पर उन्होंने पुष्प अर्पित किया वहीं नगर के सिंचाई कालोनी के समीप स्थित एक निज लॉन में दोपहर के भोजन के उपरांत वह अपने अगले पड़ाव गणेशगंज की ओर रवाना हो गए।

### भाजपा पदाधिकारियों ने किया स्वागत



**सिवनी नवभारत।** छिंदवाड़ा से माँ शारदा के पावन धाम मैहर तक निकाली जा रही पदयात्रा के दौरान शनिवार को यात्रा सिवनी जिले की छपारा तहसील पहुँची। इस अवसर पर यात्रा का भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं द्वारा गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। पदयात्रा का स्वागत करने वालों में अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र डहेरिया, जिला महामंत्री गजानंद पंचेश्वर, जिला सह कार्यालय मंत्री अलकेश रजक, पूर्व नगर अध्यक्ष (उत्तर मंडल) संजय पप्पू सोनी, बंटी डहेरिया, राहुल अहिरवार सहित अनेक कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस दौरान सभी ने छिंदवाड़ा सांसद विवेक साहू का पुष्पमालाओं से स्वागत किया और पदयात्रा में सहभागी बनकर माँ शारदा से प्रदेश एवं देश की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की।

### द बीकन स्कूल चंदौली कला में छिंदवाड़ा सांसद बंटी साहू का स्वागत, पदयात्रा के दौरान किया गया जलपान



**सिवनी नवभारत।** छिंदवाड़ा से माँ शारदा मंदिर, मैहर तक निकाली जा रही आस्था एवं जनसंपर्क पदयात्रा के दौरान छिंदवाड़ा सांसद बंटी साहू का द बीकन स्कूल, चंदौली कला में आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया तथा यात्रा दल के सभी सदस्यों के लिए जलपान की व्यवस्था की। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष आलोक दुबे, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी, एकल विद्यालय मुंगवानी संच के अध्यक्ष यावल ठाकुर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेश सनोडिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने पदयात्रा में शामिल यात्रियों का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल एवं सफल यात्रा पूर्ण होने की शुभकामनाएँ दीं।

## एक नजर में



### ओजस्विनी संस्था और छात्रों ने किया पौधरोपण

छपारा। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार 4 जुलाई को नगर के शासकीय महाविद्यालय परिसर में ओजस्विनी आत्मनिर्भर महिला मंडल सोसाइटी द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए (मास्टर ऑफ सोशल वर्क) फाइनल ईयर और (बैचलर ऑफ सोशल वर्क) फ़र्स्ट ईयर के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया और पौधे रोपे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मेंटर्स, विकास खंड समन्वयक और ओजस्विनी संस्था के सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने छात्रों के साथ मिलकर परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। इस दौरान उपस्थित सभी सदस्यों और युवाओं ने रोपे गए पौधों की नियमित देखभाल और सुरक्षा करने का सामूहिक संकल्प भी लिया।

### कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई



छपारा। नगर के शासकीय पशु चिकित्सालय में पदस्थ दो कर्मचारियों के एक साथ सेवानिवृत्त होने पर गत दिनों 3 जुलाई को भावभीनी विदाई शानदार समारोह आयोजित कर दी गई। ज्ञात हो कि उक्त दोनों कर्मचारी पूरनलाल पारेमल एवं जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बकौड़ा सिवनी में पदस्थ सीताराम अहिरवार को उनके 36 वर्षों की लंबी सेवा अवधि पूर्ण कर सेवानिवृति के मौके पर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। विदाई समारोह के दौरान शासकीय पशु चिकित्सालय छपारा के खंड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.के. गौतम सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। सभी ने दोनों सेवानिवृत्त कर्मचारियों का शॉल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।

### सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण के निर्देश

सिवनी। कलेक्टर नेहा मीना ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में विभिन्न विभागों की सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने 100 दिवस से अधिक समय से लंबित प्रकरणों पर गंभीरता व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को उनका त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने रैंकिंग को प्रभावित करने वाली शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक विभाग शिकायतों के समयबद्ध एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण पर विशेष ध्यान दे। उन्होंने स्पष्ट हिदायत दी कि कोई भी शिकायत बिना अटेंड किए लंबित न रहे तथा प्रत्येक शिकायत पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए अधिकतम शिकायतों का संतुष्टि के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने विशेष रूप से नगरीय निकाय, जल निगम एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग के अधिकारियों को पेयजल आपूर्ति एवं जल गुणवत्ता से संबंधित शिकायतों का सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन से जुड़े ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा शिकायतों के निराकरण में समय-सीमा एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सीएम हेल्पलाइन शासन की महत्वपूर्ण जनसेवा व्यवस्था है। इसलिए शिकायतों के निराकरण में संवेदनशीलता, जवाबदेही एवं समय-सीमा का पूर्ण पालन किया जाए, ताकि आमजन को त्वरित राहत मिले।

# दूसरे दिन भी जारी रहा जिला कांग्रेस का मौन सत्याग्रह



**सिवनी नवभारत।** आज दूसरे दिन भी जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन सिवनी गांधी प्रतिमा के समक्ष इलेक्ट्रानिक मीडिया के व्यवहार को लेकर मौन सत्याग्रह किया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा अपने और अपने परिवार के माध्यम से पद का लाभ लेते हुए जिन जिन स्थानों पर उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ को लेकर विकास कार्य होने थे उन्ही स्थानों पर चिन-चिन कर जमीन खरीदी गई, प्रदेश के मुखियॉ द्वारा इस तरह से प्रदेश की जनता के साथ छल किया गया। प्रदेश का यह दुर्भाग्य कहें कि देश और प्रदेश का अधिकांश इलेक्ट्रानिक मीडिया इतने गंभीर विषय को जन भावनाओं के अनुरूप प्रसारित नही कर रहा है, न ही इस गंभीर मुद्दे पर किसी प्रकार की टीवी बहस का आयोजन किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी का यह मानना है कि जनहित और जवाबदेही से जुड़े ऐसे महत्वपूर्ण विषयों को प्राथमिकता देने के बजाय जनता का ध्यान अन्य मुद्दों की ओर मोड़ने का प्रयास इलेक्ट्रानिक मीडिया के द्वारा किया जा रहा है जो कि अत्यंत आपत्तिजनक है, मुख्यमंत्री मोहन यादव के घोटाले पर महत्वपूर्ण जानकारियॉ प्रभावी रूप से आम जनता के बीच में नहीं पंहुचाई जा रही है। इन सबके विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि समूचे प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर आगामी 3 दिनों के लिए लोकतांत्रिक तरीके से जिला कांग्रेस कमेटी मौन सत्याग्रह करेंगी।

प्रदेश मुख्यालय द्वारा इस अवधि में अधिकृत पत्रकारवार्ताओं को छोड़कर, मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी का कोई भी अधिकृत नेता, प्रवक्ता अथवा प्रतिनिधि किसी भी टीवी टिवेट में भाग नहीं लेगा और इलेक्ट्रानिक मीडिया को आधिकारिक वक्तव्य नहीं देंगा।

# घर में काम कर रही महिला को नाग ने डसा उपचार के दौरान जिला अस्पताल में मौत

**सिवनी नवभारत।** जिले में लगातार हो रही बारिश के बीच सर्पदंश की घटनाएं भी बढ़ने लगी हैं। शुक्रवार को कटंगी रोड स्थित चक्की खमरिया के बंजारा मोहल्ला में एक दर्दनाक हादसा हो गया। घर के भीतर घरेलू कार्य कर रही एक महिला को जहरीले नाग सर्प ने डस लिया। परिजन उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों के अथक प्रयासों के बावजूद उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।



जानकारी के अनुसार सुनीता साहू (लगभग 35 वर्ष), पति कमलेश साहू, अपने घर में दैनिक घरेलू कार्य कर रही थीं। इसी दौरान घर के अंदर बने एक बिल में छिपे नाग सर्प ने अचानक उन्हें डस लिया। सर्पदंश के बाद उनकी तबीयत तेजी से बिगड़ने लगी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने बिना समय गंवाए उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उपचार शुरू किया, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। महिला की असामयिक मौत की खबर से पूरे परिवार में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं बंजारा मोहल्ला सहित आसपास के क्षेत्र में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार बारिश के कारण सांप अपने बिलों से निकलकर रिहायशी क्षेत्रों और घरों में पहुंच रहे हैं, जिससे इस तरह की घटनाओं का खतरा बढ़ गया है।

बरसात के मौसम में जिले के कई ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से सांप निकलने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। विशेषज्ञों के अनुसार घरों के आसपास झाड़ियां, जलभराव, लकड़ी या कबाड़ का ढेर तथा चूहों के बिल होने से सांपों के आने की संभावना बढ़ जाती है।

# 3 .42 करोड़ की सडक की खुली पोल, बरसात में बह गई सड़क

**उगली नवभारत।** सिवनी जिले के अंतर्गत विधानसभा केवलारी की अंतिम सीमावर्ती छोर पर स्थित पां. छपारा क्षेत्र इस क्षेत्र के अंतर्गत कुल 12 ग्राम पंचायत का समावेश है, सबसे चर्चित ग्राम पंचायत और पां. छपारा के बीच तीन से चार किलोमीटर की दूरी जो जेवनारा को पां.छपारा मुख्यालय से जोड़ती है,यहां पर बात की जाए लोक निर्माण विभाग के द्वारा स्वीकृत लगभग तीन करोड़ 42 लाख की राशि से स्वीकृत नवीन सड़क का निर्माण भी जयसवाल कंस्ट्रक्शन कंपनी ठेकेदार आशीष जायसवाल लामता जिला बालाघाट के द्वारा ही किया जा रहा है,

गत दिवस प्रकाशित समाचार पत्रों की सुर्खियां बना मोहबर्रा से सारसडोल सड़क जो अनुमानित राशि 3 लाख 50- 3 करोड़ 50 लाख से 3 करोड़ 93 लाख की सड़क की जो पहली ही बरसात में भ्रष्टाचार की पोल खुलती हुई नजर आई। ऐसा ही मामला पां. छपारा नव निर्माण क्षेत्र की पुलिया जिसका लेंटर भी हो चुका है।



तस्वीरों में स्पष्ट देखा जा सकता है की बारिश कम होने पर वैकल्पिक मार्ग से ही ग्रामीण आवामन करते नजर आ रहे हैं, इस मार्ग से बेलगांव कातौली के छात्र छात्राएं इसी मार्ग का उपयोग करते हैं, बरसात के दिनों में ठेकेदार को चाहिए था, कि समय से पूर्व ही इस मार्ग को तैयार कर दें जिससे बरसात में छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों को समस्याओं का सामना न करना पड़े अब लगभग 4 महीने बरसात रहेगी जिसके आधार पर छात्र-छात्राओं को घूम कर जेवनारा से कनारी, रेचना होते हुए अपने अध्ययन के लिए पां. छपारा स्कूल का रुख करना पड़ेगा

फिलहाल इस मार्ग पर बघेडा नाले पर निर्मित पुलिया भी ठेकेदार के द्वारा भसुवा युक्त,मिट्टी वाली रेत से बनाई गई है, यह मामला महत्वपूर्ण प्रकाशित समाचार पत्रों की प्रमुख सुर्खियों के आधार पर ठेकेदार के द्वारा खाना पूर्ति करते हुए इसका लेंटर ढाल दिया गया था,लेकिन इस मार्ग का उपयोग ग्रामीण जन और छात्र-छात्र इस बरसात में नहीं कर सकते

कुल मिलाकर जयसवाल कंस्ट्रक्शन के ऊपर पीडब्ल्यूडी की मेहरबानी आखिर क्यों इतनी ज्यादा है, जांच का विषय है, संबंधित विभाग को आगे के कार्यों के लिए इस कंपनी को विशेष रूप से कार्य के आधार पर सोचना होगा,फिलहाल सिवनी जिले के अंतर्गत केवलारी विधानसभा की सड़क और पुलिया का यह दूसरा मामला है।

**आयोजन** — आप पार्टी के दुर्गेश विश्वकर्मा ने लगाये आरोप, कहा- सिर्फ वाहवाही के लिए छिंदवाड़ा के निजी चैनल में सिवनी को संभाग बनाने की बात कही थी

# विधायक के कमजोर नेतृत्व से सिवनी संभाग व नगर निगम नहीं बन पा रहा

**सिवनी नवभारत।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव अधिवक्ता दुर्गेश विश्वकर्मा द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि 1 जुलाई को मुखमंत्री सिवनी आए थे तब सिवनी की जनता को पूर्व माँग अनुसार सिवनी को संभाग बनाया जाएगा एवम सिवनी नगरपालिका को नगर निगम बनाया जाएगा ऐसी उम्मीद थी जिसकी चर्चा परिचर्चा सिवनी में चारों और मीडिया सोशल मीडिया हर जगह थी लेकिन संभाग एवं नगर निगम के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने कोई चर्चा की ना ही दिनेश राय मुनमुन ने उक्त मुद्दे पर सीएम का विश्वास जीत पाये जबकि दिनेश राय मुनमुन ने 5 माह पूर्व छिंदवाड़ा में छिंदवाड़ा के सांसद बंटी साहू के सामने यहां चुनौती दिया था कि संभाग सिवनी ही बनेगा तो फिर मुखमंत्री से सिवनी विधायक ने सिवनी को संभाग व सिवनी नगरपालिका को नगरनिगम की घोषणा कियू नहीं करवा पाये सिवनी को संभाग बनाने की बात पूरी बज़नदारी से कियू नहीं रख पाये इससे सिद्ध होता है की सिवनी विधायक की कमजोर नेतृत्व क्षमता की वजह से सिवनी संभाग नहीं बन पा रहा है सिर्फ अपनी वाहवाही के लिए छिंदवाड़ा के निजी चेनल में जोश जोश में सिवनी को संभाग बनाने की बात कही थी।

सिवनी की जानता सीएम को सुनने बड़ी उम्मीद से आई थी कि सिवनी को संभाग व सिवनी नगरपालिका को नगरनिगम बनाने की घोषणा की जाएगी लेकिन घोषणा नहीं हुई और ना ही सिवनी विधायक सिवनी को संभाग व सिवनी नगरपालिका को नगरनिगम बनाने में सफल हो पा रहे है सिवनी की जानता सीएम का ज़ोरदार अभिनंदन करके मायूस होके चली गई। मुख्यमंत्री के



सिवनी आगमन के पूर्व सिवनी विधायक की मुख्यमंत्री से सिवनी के मुद्दे पर चर्चा हुई होगी तो क्या सिवनी विधायक ने सिवनी को संभाग बनाने व सिवनी नगरपालिका को नगरनिगम बनाने की चर्चा नहीं की और चर्चा की तो क्या मुख्यमंत्री सिवनी को संभाग व सिवनी नगरपालिका को नगरनिगम नहीं बनाना चाहते है क्या दिनेश राय मुनमुन सिवनी को संभाग बनाने व नगरनिगम बनाने के लिए सीएम का भरोसा नहीं जीत पाए क्या और यहाँ कमजोर नेतृत्व की वजह से ऐसा हो रहा है पूर्व में भी सिवनी का हक छीना गया है लोकसभाक्षेत्र,ट्रेन ,पानी सिवनी के हक का छीना गया है अब सिवनी से संभाग भी छीनने की तैयारी और सिवनी विधायक कुछ नहीं कर पा रहे इसलिए उनकी नेतृत्व क्षमता पर प्रश्न उठते है। पूर्व में भी सिवनी विधायक ने पेंच नहर के संबंध में कहा था कि भारी भ्रष्टाचार हुआ है लेकिन आज दिनांक तक ऐसी कोई जाच नहीं हुई जिसमें भ्रष्टाचार उजागर हुआ हो जबकि नहर की दुर्दशा किसी से छुपी नहीं है आखिर सिवनी विधायक भ्रष्टाचार उजागर क्यों नहीं कर पाए ऐसा ही मामला पिछले वर्ष भीमगण डैम में गर्मी में पानी सुख गया था सिवनी की जनता पानी के लिए त्राहि त्राहि हो गई थी तब भी दिनेश राय मुनमुन ने कहा था कि जवाब देह अधिकारी कर्मचारियों पर मामला दर्ज किया जाएगा कार्यवाही की जाएगी .

### मुख्यमंत्री आये और गये, किसान अब भी परेशान

मुख्यमंत्री धान महोत्सव किसानो के कार्यक्रम में आए थे लेकीन सिवनी विधायक सिवनी के किसानो की समस्याओं से भी अवगत नहीं करवा पाए नहीं तो किसानो की समस्याओं के हल करने के लिए मुख्यमंत्री कोई घोषणा जरूर करते आज भी किसान खाद बिजली पानी फसल विक्रय के लिए जूझ रहे है। सिवनी का दशकों से विकास नहीं हो पा रहा है फिर भी सिवनी विधानसभा में पिछले कई दसको से सिवनी की जनता बीजेपी को वोट करके विधायक बना रही है लेकिन नेतृत्व क्षमता की कमी की वजह से अब ठगा सा महसूस कर रही जिसका असर अगले विधानसभा चुनाव में दिखेगा।

# वन सेफ क्लिक के अंतर्गत लगातार पुलिस दे रही समझाइश

**उगली नवभारत।** गत दिवस सिवनी जिले के अंतर्गत पुलिस थाना उगली, विधानसभा केवलारी के अंतर्गत थाना प्रभारी दयाराम शरणागत एवं स्टाफ के द्वारा उगली बस स्टेंड स्थित यात्री प्रतीक्षालय के सामने क्षेत्रीय जन ग्रामीणों को साइबर फ्राडिंग के अंतर्गत होने वाली बैंक धांधली जो आजकल इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस स्मार्ट मोबाइल फोन्स से बहुत ज्यादा ऐसे केस सामने आ रहे हैं,

जिसके आधार पर यदि कोई उपभोक्ता फंस जाता है, तो इसकी शिकायत नजदीकी थाना में करने के बाद किसी तरह का लाभ प्राप्त नहीं होता, क्योंकी पुलिस भी ऐसे मामलों की छानबीन नहीं कर पाती.

इस जन जागरूकता अभियान का उद्देश्य केवल स्मार्टफोन के माध्यम से फर्जी कॉल्स, ओटीपी और अपने बैंक संबंधित जानकारी किसी अजनबी व्यक्तियों को नहीं देना चाहिए साइबर फ्रॉडिंग के अंतर्गत आपके खाते से पैसे उड़ाए



जा सकते हैं, ऐसी स्थिति में 1903 पर काल करके आन लाइन शिकायत कर सकते हैं.

जिसको लेकर मध्य प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव ने प्रत्येक जिले के पुलिस अधीक्षक और अनुविभागिय अधिकारी व थाना प्रभारीरियों को विगत 24 जून से आगामी 8 जुलाई तक 15 दिवस के लिए यह वन सेफ क्लिक सुरक्षा अभियान चलाने की दिशा निर्देश दिए हैं। लगातार नवनियुक्त थाना प्रभारी दयाराम शरणागत की सक्रियता उगली क्षेत्र में देखने को मिल रही है,स्कूलों में शासकीय परिसरों ग्राम पंचायत भवनों और चौक चौराहों में उपस्थित होकर ग्रामीणों को जागरुक करते हुए पुलिस विभाग की सक्रियता देखी जा रही है.

**किराए से देना**
अनमोल रेसीडेंसी, आशिर्वाद पेलेस के सामने, वरदान नेत्रालय के बाजू मे ज्यारत मे टू-बी.एच.के. मकान एवं मकान से सटी 14X18 तीन दुकान किराए से देना है।
संपर्क करे
6264000057